# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

## वि.वि. में ऑनलाइन होगी जनसुनवाई–कुलपति प्रो. मिश्र

जबलपुर 07 अगस्त। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में छात्रों की परीक्षा, परिणाम एवं डिग्री सहित अन्य समस्याओं के प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई कोरोना संक्रमण को दृष्टि को ध्यान में रखते ऑनलाइन आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन जनसुनवाई की लिंक छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय से एक दिन पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जायेगा और छात्र अपनी शिकायत एवं समस्या ऑनलाइन प्रेषित कर सकता है और ऑनलाइन छात्र की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र जी की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में छात्र हित में यह निर्णय लिया गया ।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभागों में एडवाइजरी ग्रुप बनाया जाये जिसमे सभी शिक्षक उसके सदस्य होंगे जो छात्रों को ई कंटेंट प्रदान करने के साथ ही रोजगार एवं समस्याओं के समाधान करेंगे ।

प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष नव प्रवेशित छात्रों को ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दी गयी है। छात्र समान्य पाठ्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय मद में एवं स्ववित्तीय पाठ्यक्रम की फीस विभाग के मद में नेफ्ट या ऑनलाइन जमा कर सकता है। बैंक खाता एवं आई एफ एस सी कोड़ की जानकारी छात्रो को ऑनलाइन दी जायेगी।

बैठक में संयोजक प्रवेश समिति प्रो अंजना शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो विवेक मिश्रा, सहायक कुलसचिव श्री अभयकान्त मिश्रा, प्रो धीरेन्द्र पाठक एवं प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र डॉ. अजय गुप्ता उपस्थित रहे।

## प्रो. एस.एस. संधु एवं प्रो. ममता राव कार्यपरिषद् सदस्य मनोनीत

महामहिम कुलाधिपति एवं म.प्र. के राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 23 की उपधारा (1) के खण्ड (दो) के तहत प्रो. एस.एस. संधु, संकायाध्यक्ष, जीव विज्ञान संकाय एवं प्रो. ममता राव, संकायाध्यक्ष, विधि संकाय को संकायाध्यक्ष श्रेणी से विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् का सदस्य नाम–निर्देशित किया गया है।

**रादुविवि जनसम्पर्क प्रकोष्ठ / क्रमांक / 916 / 07.08.2020**